# UNIVERSITY NEWS 20 MAY 2026

## I NEXT

### एलयू : 21 से शुरू होंगे योग दिवस के कार्यक्रम

LUCKNOW (19 May):लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग की ओर से 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अंतर्गत एक माह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. योग से संबंधित कार्यक्रमों का शुभारंभ समारोह 21 मई को दोपहर 12 बजे से योग सभागार में होगा. मुख्य अतिथि पद्मश्री विजेता प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद होंगे.

#### 12 सेमिनार, चार वर्कशॉप

कोआर्डिनेटर डा. अमरजीत यादव ने बताया कि एक माह तक चलने वाले कार्यक्रमों में 12 सेमिनार चार कार्यशालाएं चार योग प्रतियोगिताएं होंगी. यह कार्यक्रम स्वास्थ्य, मधुमेह नियंत्रण, तनाव प्रबंधन, मोटापा, जीवन शैली जनित रोग तथा मानसिक शांति विषय पर आधारित होंगे. कार्यक्रमों के दौरान योग विशेषज्ञ शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे. कार्यशालाएं ध्यान, योगासन, प्राणायाम पर आधारित होंगी. विद्यार्थियों के लिए योगासन प्रतियोगिता होगी. विरासत से विकास थीम पर योग संस्कृति एवं विश्व स्वास्थ्य पर विशेष कार्यक्रम भी होंगे.

## I NEXT

### पीएचडी के विषय में सीट आवंटन जारी

एलयू ने 2025-26 के पीएचडी प्रवेश के लिए 10 विषयों में पहला और 14 विषयों में दूसरा सीट आवंटन जारी कर दिया है. अभ्यर्थी लागिन आइडी के माध्यम से अपना आवंटन देखकर 22 मई तक फीस जमा कर सकते हैं. समन्वयक प्रवेश प्रो. अनित्य गौरव ने बताया कि अरेबिक, कामर्स, एजुकेशन, इंग्लिश, हिंदी, मेडियिवल एंड माडर्न हिस्ट्री, पालीटिकल साइंस, सोशल वर्क, सोशियोलाजी, जूलाजी में पहला सीट आवंटन जारी किया गया है. वहीं, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व, एप्लाइड इकोनामिक्स, बायो केमिस्ट्री, बाटनी, फाइन आर्ट्स, इकोनामिक्स, जाग्रफी, जियोलाजी, होम साइंस, ला, मैनेजमेंट स्टडीज, फिजिकल एजुकेशन, साइकोलाजी और वेस्टर्न हिस्ट्री विषय में दूसरा सीट आवंटन जारी किया गया है.

### छूटे हुए स्टूडेंट्स की मौखिक परीक्षा कल

एलयू के वाणिज्य विभाग ने बी.काम छठे सेमेस्टर रेगुलर व सेल्फ फाइनेंस के छूटे विद्यार्थियों को माइनर प्रोजेक्ट की मौखिक परीक्षा का मौका दिया है. यह परीक्षा 21 मई को दोपहर एक से 3:30 बजे तक संकाय के ओल्ड ब्लाक स्थित अधिष्ठाता कक्ष में होगी.

## AMAR UJALA

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व होंगे कार्यक्रम

लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) पर लखनऊ विश्वविद्यालय ने एक माह का कार्यक्रम जारी किया है। एक माह तक चलने वाले कार्यक्रमों में 12 सेमिनार, चार कार्यशालाएं व चार योग प्रतियोगिताएं होंगी। संकाय के कोआर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि ये कार्यक्रम 21 मई से 21 जून तक अनवरत चलेंगे। कार्यक्रमों का शुभारंभ समारोह 21 मई को दोपहर 12 बजे से योग सभागार में होगा। मुख्य अतिथि पद्मश्री अवॉर्डी प्रो. राजेंद्र प्रसाद होंगे। (संवाद)

## DAINIK JAGRAN

### लवि : 21 मई से शुरू होंगे योग दिवस के कार्यक्रम

लखनऊ : लवि के योग विभाग की ओर से 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अंतर्गत एक माह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। योग से संबंधित कार्यक्रमों का शुभारंभ समारोह 21 मई को दोपहर 12 बजे से योग सभागार में होगा। मुख्य अतिथि पद्मश्री विजेता प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद होंगे। कोआर्डिनेटर डा. अमरजीत यादव ने बताया कि एक माह तक चलने वाले कार्यक्रमों में 12 सेमिनार चार कार्यशालाएं चार योग प्रतियोगिताएं होंगी। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य, मधुमेह नियंत्रण, तनाव प्रबंधन, मोटापा, जीवन शैली जनित रोग तथा मानसिक शांति विषय पर आधारित होंगे। कार्यक्रमों के दौरान योग विशेषज्ञ शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। कार्यशालाएं ध्यान, योगासन, प्राणायाम पर आधारित होंगी। विद्यार्थियों के लिए योगासन प्रतियोगिता होगी। विरासत से विकास थीम पर योग संस्कृति एवं विश्व स्वास्थ्य पर विशेष कार्यक्रम भी होंगे।

## AMRIT VICHAR



भंडारे में प्रसाद वितरित करते कुलपति प्रो. जेपी सैनी। अमृत विचार

### लखनऊ विश्वविद्यालय में हुआ सुंदरकांड पाठ

अमृत विचार,लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलानुशासक कार्यालय की ओर से ज्येष्ठ के तृतीय मंगलवार गेट संख्या दो पर सुंदरकांड पाठ और भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें विश्वविद्यालय परिवार के समस्त सदस्यों, शिक्षकों, कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं ने भागीदारी की। तुलसीदास रचित रामचरितमानस के सुंदरकांड का पाठ श्रद्धापूर्ण वातावरण में किया गया, जिसमें संगीतमय भजन-कीर्तन भी साथ में चले। पाठ के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में अनुष्ठान का पावन वातावरण छा गया और श्रद्धालुओं ने इसमें आस्था के साथ भाग लिया। कुलपति प्रो. जेपी सैनी के कर-कमलों द्वारा आरती के पश्चात प्रसाद का छात्र-छात्राओं में वितरण किया गया।

## HINDUSTAN

### एलयू में योग दिवस पर विशेष आयोजन

लखनऊ। एलयू के योग विभाग और फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन की ओर से 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के तहत 21 मई से 21 जून तक एक माह का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। शुभारंभ 21 मई को दोपहर 12 बजे योग सभागार में होगा। मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रो. राजेंद्र प्रसाद होंगे। संकाय समन्वयक डॉ. अमरजीत यादव ने जानकारी दी।

### पीएचडी के 24 विषयों में सीटें आवंटित, 22 तक जमा करें फीस

**एलयू**

■ पांच पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम भी वेबसाइट पर जारी कर दिया गया

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में एचडी प्रवेश प्रक्रिया के तहत 10 विषयों में प्रथम सीट आवंटन और 14 विषयों में दूसरा सीट अलॉटमेंट कर दिया गया है। जिसकी कंप्लीट मेरिट सूची और कट ऑफ भी जारी कर दी है। प्रवेश समन्वयक प्रोफेसर अनित्य गौरव की ओर से विवि की वेबसाइट पर सूचना अपलोड है।

प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव का कहना है कि अभ्यर्थी अपनी लॉगिन आईडी के माध्यम से 19 मई दोपहर दो बजे से फीस जमा कर सकते हैं। शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 22 मई निर्धारित की है। पहली अलॉटमेंट सूची में अरबी, वाणिज्य, शिक्षाशास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, एमआईएच, राजनीति विज्ञान, समाज कार्य आदि शामिल हैं। दूसरी सूची में प्राचीन भारतीय इतिहास, अप्लाइड इकोनॉमिक्स आदि हैं। सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक व परास्नातक के पांच कोर्स का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जिसे एलयू की वेबसाइट पर देख सकते हैं।



लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलानुशासक कार्यालय की ओर से ज्येष्ठ मास के तृतीय मंगलवार पर विवि के द्वार संख्या दो पर भंडारा लगाया गया।


## AMAR UJALA



लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलानुशासक कार्यालय की ओर से भंडारे का आयोजन किया। इससे पहले कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने सुंदरकांड का पाठ व पूजा अर्चना किया।

## DAINIK JAGRAN

### लवि ने कई विषयों का जारी किया परीक्षा कार्यक्रम





लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीजी के कई और कोर्सों की सम सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया। एम.ए फिलासफी चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 26 मई से तीन जून तक होंगी। बीवीए फाइन आर्ट, बीवीए सीए, बीवीए स्कल्पचर और बीएफए टेक्सटाइल डिजाइन आठवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 25 से 29 मई तक होंगी। वहीं, इसी तरह छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 26 से 30 मई तक होंगी। बी.एड चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 11 जून को, एम.ए वेस्टर्न हिस्ट्री चौथे सेतमेस्टर की परीक्षा 30 मई से पांच जून, कम्पोजिट हिस्ट्री चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 30 मई से एक जून और एम.ए आचार्य चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 30 मई से पांच जून तक होंगी। विस्तृत समय सारिणी लवि की वेबसाइट पर अपलोड की गई है।

**छूटे हुए विद्यार्थियों की मौखिक परीक्षा कल** : लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग ने बी.काम छठे सेमेस्टर रेगुलर व सेल्फ फाइनेंस के छूटे विद्यार्थियों को माइनर प्रोजेक्ट की मौखिक परीक्षा का मौका दिया है। यह परीक्षा 21 मई को दोपहर एक से 3:30 बजे तक संकाय के ओल्ड ब्लाक स्थित अधिष्ठाता कक्ष में होंगी। अधिष्ठाता अर्चना सिंह ने इसकी सूचना जारी की है। वि.

## AMRIT VICHAR

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व होंगे विविध योग कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● एक माह तक चलेंगे कार्यक्रम, 12 सेमिनार, 4 कार्यशालाएं और 4 योग प्रतियोगिताएं होंगी



अमृत विचारः अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग एवं फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन की ओर से 21 मई से 21 जून तक एक माह के विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों का शुभारंभ 21 मई को दोपहर 12 बजे योग सभागार में होगा। मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद होंगे।

संकाय समन्वयक डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि कार्यक्रमों के तहत 12 सेमिनार, 4 कार्यशालाएं और 4 योग प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इनमें स्वास्थ्य, मधुमेह नियंत्रण, तनाव प्रबंधन, मोटापा, जीवनशैली जनित रोग और मानसिक शांति जैसे विषय शामिल रहेंगे। योग विशेषज्ञ योग और स्वास्थ्य से जुड़े शोध पत्र भी प्रस्तुत करेंगे।

विद्यार्थियों और आम लोगों के लिए ध्यान, योगासन और प्राणायाम पर आधारित कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही योगासन प्रतियोगिता और विरासत से विकास विषय पर विशेष कार्यक्रम भी होंगे। प्रतिदिन सुबह 6 से 7 बजे तक योग विभाग के सभागार में कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया जाएगा।

इसके अलावा दिव्यांगों, कैंसर मरीजों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और आंगनबाड़ी कर्मियों के लिए विशेष योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### लखनऊ विश्वविद्यालय में इतिहास और विरासत का संगम

**छात्रों में दिखा ऐतिहासिक धरोहरों के प्रति उत्साह, उत्खनन स्थलों की प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र**

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में इतिहास, संस्कृति और पुरातात्विक विरासत का जीवंत दृश्य देखने को मिला। उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय और प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित छायाचित्र प्रदर्शनी और व्याख्यान कार्यक्रम में प्रदेश की समृद्ध ऐतिहासिक धरोहरों को विद्यार्थियों के सामने प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में 2000 से अधिक विद्यार्थियों की भागीदारी रही, जिन्होंने लहुरादेवा, जाजमऊ, राजा नल का टीला और मल्हर जैसे प्रमुख उत्खनन स्थलों के साथ-साथ कर्दमेश्वर महादेव मंदिर, मेढक मंदिर और गंगोली शिवाला जैसे राज्य संरक्षित स्मारकों की तस्वीरें और जानकारियों को करीब से देखा। प्रदर्शनी छात्रों के लिए



आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी रही। इसी क्रम में निदेशालय की ओर से हुलासखेड़ा उत्खनन स्थल पर 200 से अधिक विद्यार्थियों का शैक्षिक भ्रमण भी कराया गया, जहां उन्हें पुरातात्विक खुदाई, खोजों और संरक्षण कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। छात्रों ने इस भ्रमण को एक यादगार और ज्ञानवर्धक अनुभव बताया। मुख्य अतिथि डॉ. एस. एन. कपूर ने कहा कि संग्रहालय केवल पुरानी वस्तुओं के संरक्षण स्थल नहीं, बल्कि समाज को उसकी जड़ों से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने युवाओं से विरासत संरक्षण के प्रति जागरूक और संवेदनशील बनने का आह्वान किया। वहीं रेनू द्विवेदी, निदेशक, पुरातत्व निदेशालय ने संग्रहालयों की शैक्षिक उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और इतिहास से जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस की शुरुआत 1977 में मॉस्को में हुई थी। इस वर्ष इसे एक विभाजित विश्व को एकजुट करने वाले संग्रहालय थीम के तहत मनाया जा रहा है, जिसमें 150 से अधिक देशों के 37 हजार से अधिक संग्रहालय भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में यह संदेश प्रमुख रूप से उभरकर सामने आया कि संग्रहालय और पुरातात्विक स्थल न केवल इतिहास के साक्ष्य हैं, बल्कि नई पीढ़ी को संस्कृति और पहचान से जोड़ने का मजबूत माध्यम भी हैं।